भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.02.2026 के
तारांकित प्रश्न सं. 177 का उत्तर

होसपेट-बेल्लारी से बेंगलुरु के बीच वंदे भारत रेलगाड़ी

***177. श्री ई. तुकाराम:**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार होसपेट-बेल्लारी से बंगलौर के लिए वंदे भारत रेलगाड़ी और बेल्लारी-होसपेट के रास्ते चेन्नई और मुंबई के बीच एक दैनिक रेलगाड़ी चलाने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार मुंबई-गडग और सोलापुर-गडग रेलगाड़ियों को बेल्लारी तक चलाने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) उपरोक्त रेलगाड़ियों को शुरू करने के लिए निर्धारित समय-सीमा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

दिनांक 11.02.2026 को लोक सभा के तारांकित प्रश्न सं. 177 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग): वर्तमान में, होसपेटे-बल्लारि-बेंगलुरु रेलखंड को निम्नानुसार सूचीबद्ध 07 जोड़ी रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	16217/16218 मैसूरू-साईंनगर शिरडी एक्सप्रेस
2	16531/16532 अजमेर-केएसआर बेंगलुरु गरीब नवाज एक्सप्रेस
3	16533/16534 जोधपुर-केएसआर बेंगलुरु एक्सप्रेस
4	12649/12650 यशवंतपुर-हज़रत निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस
5	16545/16546 यशवंतपुर-सिंधनूर एक्सप्रेस
6	16591/16592 हुब्बल्लि - मैसूरु एक्सप्रेस
7	56519/56520 केएसआर बेंगलुरु-होसपेटे पैसेंजर

इसी प्रकार, होसपेटे और बल्लारि दोनों ही चेन्नै से प्रत्येक 01 जोड़ी गाड़ी सेवाओं द्वारा जुड़े हुए हैं और मुंबई से प्रत्येक 03 जोड़ी गाड़ी सेवाओं द्वारा जुड़े हुए हैं, जो निम्नानुसार सूचीबद्ध हैं:

होसपेटे/बल्लारि-चेन्नै रेलखंड:

क्र. सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	17313/17314 हुब्बल्लि-एमजीआर चेन्नै सेंट्रल एक्सप्रेस

होसपेटे-मुंबई रेलखंड:

क्र. सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	16531/16532 अजमेर-केएसआर बेंगलुरु गरीब नवाज एक्सप्रेस
2	16533/16534 जोधपुर-केएसआर बेंगलुरु एक्सप्रेस
3	11139/11140 छत्रपति शिवाजी महाराज (टी)-होसपेटे एक्सप्रेस

बल्लारि- मुंबई रेलखंड:

क्र. सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	16531/16532 अजमेर-केएसआर बेंगलुरु गरीब नवाज एक्सप्रेस
2	16533/16534 जोधपुर-केएसआर बेंगलुरु एक्सप्रेस
3	20667/20668 यशवंतपुर-जयपुर एक्सप्रेस

इसके अलावा, भारतीय रेल द्वारा गाड़ी सं. 11139/11140 छत्रपति शिवाजी महाराज (टी)-गदग एक्सप्रेस और 11415/11416 (पुरानी गाड़ी सं. 11305/11306) सोलापुर-गदग एक्सप्रेस को 28/29.08.2023 से होसपेटे तक बढ़ा दिया गया है, जिससे मुंबई-गदग-होसपेटे और सोलापुर-गदग-होसपेटे रेलखंड के यात्रियों के लिए गाड़ी सेवाएं मुहैया कराई जा रही हैं। इसके अलावा, बल्लारि भी 02 जोड़ी गाड़ी सेवाओं द्वारा सोलापुर से और 3 जोड़ी गाड़ी सेवाओं द्वारा मुंबई से जुड़ा हुआ है, जो निम्नानुसार सूचीबद्ध है।

सोलापुर-बल्लारि रेलखंड:

क्र. सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	20667/20668 यशवंतपुर-जयपुर एक्सप्रेस
2	22687/22688 मैसूरू-वाराणसी एक्सप्रेस

बल्लारि-मुंबई रेलखंड:

क्र. सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	16531/16532 अजमेर-केएसआर बेंगलुरु गरीब नवाज एक्सप्रेस
2	16533/16534 जोधपुर-केएसआर बेंगलुरु एक्सप्रेस
3	20667/20668 यशवंतपुर-जयपुर एक्सप्रेस

इसके अलावा, वंदे भारत रेलगाड़ी सेवाओं सहित नई रेलगाड़ी सेवाएं शुरू करना और किसी भी मार्ग/खंड पर गाड़ी सेवाओं के चालन क्षेत्र को बढ़ाना विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें शामिल हैं:

- उस खंड की क्षमता
- मार्ग की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए उपयुक्त अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों के अनुरक्षण की आवश्यकता

******